## पार्षदों ने धरना प्रदर्शन का किया ऐलान

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 1 अगस्त, रीवा जिले के अंतर्गत आने वाले नगर परिषद गुढ़ में प्रशासनिक धांधली विकास कार्यों के ठप होने और व्यापक भ्रष्टाचार को लेकर नगर के पार्षदों का आक्रोश चरम पर पहुंच गया है.**

नगर परिषद गुढ़ की अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी की मनमानी और कथित तानाशाही रवैये से त्रस्त होकर पार्षदों ने अनुविभागीय अधिकारी गुढ़ को एक विस्तृत आवेदन पत्र सौंपकर अनिश्चितकालीन धरना की चेतावनी दी है. पार्षदों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि नगर परिषद अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी की मिलीभगत से निकाय में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं और भ्रष्टाचार पनप रहा है. नगर में विकास एवं निर्माण कार्य पूरी तरह से ठप पड़े हुए हैं. इसके अतिरिक्त मूलभूत जनसुविधाओं की स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है शासन द्वारा नगर में जलभराव रोकने और विशेष सफाई अभियान चलाने के कड़े निर्देश दिए गए थे जिनकी धज्जियां उड़ाई जा रही हैं. नगर की स्ट्रीट लाइट और सुचारू पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह बदहाल है जिससे आम नागरिकों को दैनिक जीवन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. पार्षदों का कहना है कि उन्होंने नगर की समस्याओं रुके हुए निर्माण कार्यों को गति देने और फर्जी नियुक्तियों पर रोक लगाने के लिए कई बार लिखित रूप में पत्र सौंपे लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंगी. मामला तब और गंभीर हो गया जब वित्तीय वर्ष 2026-27 के आम बजट को नियम विरुद्ध तरीके से अटकाया गया. नियमानुसार निकाय का वार्षिक आम बजट परिषद की बैठक में प्रस्तुत कर पार्षदों द्वारा स्वीकृत कराया जाना अनिवार्य होता है. ज्ञापन के माध्यम से शासन एवं प्रशासन को चेतावनी दी गई है कि 3 अगस्त से समस्त पार्षद परिषद गुढ़ कार्यालय के समक्ष अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन प्रारंभ करने जा रहे हैं.

## क्षेत्र के नागरिक तक विकास का लाभ पहुंचे यही हमारी प्राथमिकता : सिद्धार्थ

### त्योंथर विधायक ने किया निर्माण कार्य का भूमि पूजन, 8 कक्ष और दो बनेंगे बरामदे

नवभारत न्यूज

**कटरा, 1 अगस्त, त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कटरा में 8 अतिरिक्त कक्षों एवं 2 बरामदों के निर्माण कार्य का भूमि पूजन एवं शिलान्यास संपन्न हुआ.**

यह कार्य क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. इस अवसर पर विधायक सिद्धार्थ तिवारी (राज) ने कहा कि त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर सकारात्मक और जनहितकारी





कार्य किए जा रहे हैं. क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक तक विकास का लाभ पहुंचे, यही हमारी प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बेहतर अधोसंरचना उपलब्ध होने से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा होगी. प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं. विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने आगे कहा कि त्योंथर विधानसभा के सर्वांगीण विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं और आगे भी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बुनियादी सुविधाओं के विस्तार हेतु पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहेंगे. इस अवसर पर मौजूद लोगो ने इस विकास कार्य के लिए विधायक सिद्धार्थ तिवारी के प्रयासों की सराहना करते हुए क्षेत्र के विकास के प्रति विश्वास व्यक्त किया. इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कटरा सावेंद्र शर्मा, वेदप्रकाश मिश्रा, घनश्याम यादव कौशलेश द्विवेदी, गंगा द्विवेदी अशोक पाण्डेय राजेश सोनी संदीप त्रिपाठी विष्णु मिश्रा विद्यासागर शुक्ला ओमप्रकाश मिश्रा व्यथित भोले त्रिपाठी मनीश मिश्रा अनुरूद्ध चौबे तुलाराम पाठक, कालीचरण मिश्रा, रावेन्द्र तिवारी, सरदार साकेत, बबलू मिश्रा आदि मौजूद रहे.

## छात्रों के पीने के लिए पानी की सुविधा नहीं

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 1 अगस्त, रीवा जिले के रामपुर ब्लाक अंतर्गत गुढ़ विधान सभा क्षेत्र मुख्यालय गुढ़ नगर में संचालित पीएमश्री शास. उच्च. मा. विद्या. गुढ़ में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक 2000 से ऊपर छात्र छात्राओं की संख्या है.**

छात्र छात्राओं के अध्ययन के लिए भवन भी इफराद है साथ साथ शिक्षक शिक्षिकाओं की संख्या में भी कमी नही है यहां तक की सुविधाओं का भी कोई टोटा नही है. लायबेरी से लेकर कम्प्यूटर तक की सुविधाए उपलब्ध है. यहां तक कि बोर मोटर टंकी आरो तक लगा हुआ है. लेकिन प्रबंधन की लापरवाही के चलते उक्त विद्यालय के छात्र छात्राओ को पीने के पानी की समुचित सुविधा एवं बैठने की कोई सही ब्यवस्था नही है.

## प्रवेश शुल्क घटाने को लेकर सीएमओ को सौंपा गया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 1 अगस्त, नगर परिषद गुढ़ द्वारा बसों पर प्रवेश शुल्क 20 रुपये से बढ़ाकर 40 रुपये किए जाने के बाद बस संचालकों द्वारा बसें नगर के बाहर से निकालने का सिलसिला शुरू हो गया है.**

इससे नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं, छात्र छात्राओं और आम नागरिको को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. इस समस्या को लेकर भारतीय सर्व सेवा संगठन ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद गुढ़ को पत्र लिख कर बस प्रवेश शुल्क को पुन: 20 रुपये किए जाने की मांग की है.

संगठन के अध्यक्ष इन्द्रपाल उपाध्याय द्वारा लिखे गए पत्र में कहा गया है कि पहले 20 रुपये शुल्क होने पर सभी बसें नगर के अंदर से होकर गुजरती थीं, जिससे नगर सहित आसपास के आम नागरिको को सुविधा मिलती थी. लेकिन नगर परिषद गुढ़ द्वारा प्रवेश शुल्क बढ़ा देने के बाद से बसें बाहर बाईपास से निकलने लगी हैं. पत्र में कहा गया कि शुल्क वृद्धि का सीधा असर गांव की बहन-बेटियों व नगर के आम नागरिको पर पड़ रहा है.

## नाली के अभाव में नारकीय जीवन जी रहे हैं वार्ड क्रमांक-12 के रहवासी

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 1 अगस्त, हनुमना नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 12 हनुमान मंदिर मोड़ के पास नाली के पुरानी नाली की सफाई न होने तथा नई नाली के निर्माण न होने स दर्जनों परिवार के लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर है.**



थोड़ी सी बारिश में ही सड़क तथा बजबजती नाली का पानी घर के अंदर इतना ही नहीं कीड़े मकोड़े सर्प आदि भी लोगों के घर में घुस जाते हैं सड़क का पानी चलते वाहनों से घरों के अंदर इस कदर उछाल कर पड़ता है कि घर के अंदर बैठे लोग के ऊपर गंदा पानी पड़ने से कई बार तो ऐसी स्थिति आती है कि लोग नाश्ता या भोजन कर रहे होते हैं उसमें भी सड़क और नाली का गंदा पानी पड़ जाता है कपड़े खराब हो जाते हैं फिर से लोगों को स्नान करना पड़ता है. उत्तर पटरी का गंदा पानी दक्षिण पटरी पर बहकर जाने से दक्षिण पटरी के लोगों का भी जीना हराम है यहां तक की कई बार तो लोग स्नान करके पूजा करने के लिए मंदिर भी इस नाली के बहुत ही गंदगी पर से होकर जाना पड़ता है. वार्ड क्रमांक 12 में ही सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एमराल्ड हाइट्स हायर सेकेंडरी आर नवजोत पब्लिक स्कूल शहीद भगत सिंह चार चार विद्यालय होने से अनेक नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राएं भी इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं जरा सी तेज बारिश में सड़कों पर पानी लबालब भर जाता है जिससे नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं को भी इस जोखिम भरे रास्ते से गुजर कर विद्यालय जाना पड़ता है लेकिन नगर प्रशासन से बार-बार प्रवासियों के आग्रह के बावजूद आज तक नाली का निर्माण नहीं हो सका जो नाली का निर्माण किया भी जा रहा है वह जिधर अभी बस्ती भी काम है और वहां नाली की अभी आवश्यकता नहीं है उसे साइड से महज 125 मीटर की नली का निर्माण प्रारंभ है जबकि जहां वास्तव में अंत्य आवश्यक है दर्जनों परिवार के लोग पुरानी वर्षों से छतिग्रस्त सफाई के अभाव में जाम पड़ी नाली कागंदा पानी घरों केअंदर घुस जाने के साथ ही अनेक कीड़े मकोड़े सर्प आदि तक घुस जाते हैं. जिससे लोगों के जान को भी खतरा बना रहता है. बजबजाती नाली के नाली चलते लोग विभिन्न संक्रामक बीमारियों के शिकार हो रहे है.

## स्वच्छता एवं हरित क्रांति के तहत सीएमओ ने किया पौधरोपण

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 1 अगस्त, स्वच्छता एवं हरित क्रांति अभियान के तहत नगर परिषद कार्यालय से जन संदेश को प्रसारित करते हुए भव्य रैली का आयोजन किया गया.**

इस रैली का समापन श्री बड़े हनुमान मंदिर के पीछे हनुमान वाटिका पार्क में हुआ. इस आयोजन में रैली के माध्यम से नगर वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया, और पॉलिथीन का उपयोग न करने की सलाह भी दी गई. इस कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद चाकघाट के सी0 एम0 ओ0 शंखधर पांडे के द्वारा मां के नाम एक पौधा




रोपण के तहत पार्क में अनेकों प्रकार के पौधों का रोपण किया गया. इस अवसर पर नगर परिषद चाकघाट के समस्त कर्मचारी. जिसमें विधाता प्रसाद पांडे, शंकर लाल मांझी, जगदीश प्रसाद पटेल, धर्मेंद्र शुक्ला, बबूलेश तिवारी, इंद्र कुमार पांडे, विनोद केसरी, सौरभ सिंह, महेंद्र आदर्श, विपिन द्विवेदी के अलावा अन्य लोगों की उपस्थिति प्रमुख रही.

## दो साल से फरार इनामी आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 1 अगस्त, जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत दर्ज अपराध में पिछले दो वर्षों से पुलिस की आंखों में धूल झोंककर फरार चल रहे 7,000 रुपये के इनामी आरोपी को गुढ़ पुलिस ने एक साहसिक कार्रवाई में महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर लिया है.**



पुलिस टीम आरोपी को लगभग 1000 किलोमीटर दूर से धर दबोचकर रीवा ले आई जिसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है. गुढ़ थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी कैलाश शुक्ला निवासी-ग्राम हरदी थाना गुढ़ के विरुद्ध 2 वर्ष पूर्व पशु अधिनियम का मामला दर्ज किया गया था. अपराध दर्ज होने के बाद से ही आरोपी लगातार ठिकाने बदलकर फरार चल रहा था. पुलिस की गिरफ्त से बाहर रहने के कारण पुलिस अधीक्षक रीवा द्वारा उस पर 7,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था. थाना प्रभारी पुष्पेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर तथा साइबर सेल की मदद से सूचना मिली कि 2 वर्ष से फरार चल रहा इनामी आरोपी कैलाश शुक्ला पहचान छिपाकर महाराष्ट्र में रह रहा है. सूचना मिलते ही पुलिस टीम का गठन कर तत्काल महाराष्ट्र रवाना किया गया.

महाराष्ट्र पहुंची गुढ़ पुलिस की विशेष टीम ने स्थानीय स्तर पर सुराग जुटाए और आरोपी के ठिकाने पर घेराबंदी कर उसे सफलतापूर्वक हिरासत में ले लिया।पुलिस टीम आरोपी को महाराष्ट्र से 1000 किलोमीटर का सफर तय कराकर वापस रीवा ले आई. कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आज आरोपी कैलाश शुक्ला को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से न्यायालय के आदेशानुसार उसे जेल भेज दिया गया है. थाना प्रभारी पुष्पेंद्र यादव ने बताया कि यह सफलता वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के दिशा निर्देशन और टीम की मुस्तैदी का परिणाम है.

1000 किलो मीटर जाकर इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम के कार्य की अधिकारियों द्वारा प्रशंसा की गई है.

## जिले में 80 प्रतिशत बच्चों की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग पूर्ण

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 1 अगस्त, जिले के प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री संजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित दस्तक अभियान में प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है.**

14 जुलाई से 30 अगस्त क चलने वाले इस विशेष अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर पहुंचकर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों की स्वास्थ्य जांच, रोगों की पहचान तथा आवश्यक उपचार सुनिश्चित कर रही है. अभियान के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता परिवारों तक पहुंचकर बच्चों की स्क्रीनिंग कर रहे हैं. साथ ही डायरिया एवं एनीमिया जैसी स्वास्थ्य समस्याओं की रोकथाम के लिए ओआरएस, जिंक टेबलेट तथा आयरन-फोलिक एसिड (आईएफए) का वितरण भी किया जा रहा है.



स्क्रीनिंग के दौरान गंभीर रूप से बीमार एवं गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें तत्काल पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती कराया जा रहा है, ताकि उन्हें समय पर समुचित उपचार एवं पोषण उपलब्ध कराया जा सके. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियान के अंतर्गत 92 प्रतिशत बच्चों का डिजिटाइजेशन पूर्ण कर लिया गया है. निर्धारित 23 हजार 566 बच्चों के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 18 हजार 824 बच्चों की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जो कुल लक्ष्य का 80 प्रतिशत है.

अभियान के दौरान गंभीर रूप से बीमार एवं कुपोषित पाए गए 16 बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कर आवश्यक उपचार प्रारंभ कराया गया है. कलेक्टर संजय कुमार जैन ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं मैदानी अमले को निर्देश दिए हैं कि अभियान की अवधि में कोई भी पात्र बच्चा स्क्रीनिंग से वंचित न रहे. उन्होंने कहा कि बच्चों का समय पर स्वास्थ्य परीक्षण, रोगों की शीघ्र पहचान तथा त्वरित उपचार ही दस्तक अभियान की सफलता का आधार है. स्वास्थ्य विभाग की टीम निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति के लिए सतत रूप से कार्य कर रही है.

## गांव के विकास कार्यों को किया जा रहा बाधित

### बड़ागांव की राजनीति इन दिनों विवादों का केंद्र

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 1 अगस्त, रीवा जिले के जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ागांव की राजनीति इन दिनों चर्चा और विवादों के केंद्र में है.**

जहां एक ओर हर पंचायत और जनपद क्षेत्र के जन प्रतिनिधि अपने गृह क्षेत्र में विकास और जनसुविधाओं को बढ़ावा देने का प्रयास करते हैं वहीं बड़ागांव में स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है. स्थानीय ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों का आरोप है कि गांव में सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों के कायाकल्प तथा विकास कार्यों को राजनीतिक द्वेष के चलते जबरन बाधित किया जा रहा है.

हाल ही में ग्राम पंचायत बड़ागांव के टोला सिलचट स्थित काली माता मंदिर के समीप ग्रामीणों व श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु एक चबूतरे का निर्माण कराया गया था. उल्लेखनीय है कि इस कार्य का भूमि पूजन स्वयं जिला पंचायत सदस्य लालमणि त्रिपाठी द्वारा किया गया था.

लेकिन चबूतरा निर्माण कार्य पूर्ण होते ही जिला पंचायत सदस्य द्वारा जिला पंचायत कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई गई कि यह चबूतरा निजी जमीन पर बना है. चौंकाने वाली बात यह है कि जिस भूमि स्वामी की जमीन पर चबूतरा बना है उन्हें सार्वजनिक हित में इस निर्माण से कोई आपत्ति या रोक टोक नहीं थी.

इसके बावजूद जिला पंचायत सदस्य द्वारा शिकायत दर्ज कराकर इस जनोपयोगी कार्य को विवादों में घसीटने का प्रयास किया गया जिससे स्थानीय जनता में भारी आक्रोश है. इसी प्रकार दूसरा मामला सिलचट के ही महोब्बा बाबा हनुमान मंदिर प्रांगण का है.

## नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर कल गुढ़ में

### स्वामी विवेकानंद क्लीनिक में आयोजित किया जाएगा

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 1 अगस्त, इंजी. संजय गुप्ता की याद में गठित संजय गुप्ता स्मृति सेवा संस्थान, गुढ़ द्वारा प्रत्येक माह की 3 तारीख को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जाता है.**

इसी क्रम में 32वां नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर सोमवार 3 अगस्त को स्वामी विवेकानंद क्लीनिक, गुढ़ में आयोजित किया जा रहा है.

शिविर में सभी प्रकार की स्वास्थ्य जांचें, दंत एवं मुख रोग जागरूकता कार्यक्रम तथा उपलब्ध दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा. आयोजकों ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर इस सेवा कार्य का लाभ उठाएँ. शिविर का समय: सुबह 10:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक रहेगा. सभी शिविर का लाभ उठायें.

## कार्यों में गुणवत्ता एवं गति बनाए रखें, समयबद्ध तरीके से करें पूर्ण : बी साईराम

### ब्लॉक-बी परियोजना का निरीक्षण करने पहुंचे एनसीएल के सीएमडी बी साईराम, दिए आवश्यक निर्देश

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 अगस्त। एनसीएल के सीएमडी बी साईराम ने गोरबी क्षेत्र स्थित ब्लॉक-बी परियोजना का आज निरीक्षण कर उत्पादन, कोयला प्रेषण एवं पुनर्वास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।**

इस दौरान उन्होंने खदान के व्यू प्वाइंट से अधिभार हटाव ओबी, कोयला उत्पादन तथा कोयला प्रेषण की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान सीएमडी ने वार्षिक उत्पादन लक्ष्य की प्राप्ति के लिए परियोजना प्रबंधन द्वारा परिधीय समुदाय एवं जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय



सीमा में लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने तथा कार्यों में गुणवत्ता एवं गति बनाए रखने के निर्देश दिए। सीएमडी ने ब्लॉक-बी परियोजना में निर्माणाधीन 4.5 मिलियन टन प्रतिवर्ष क्षमता वाले फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी एफएमसी प्रोजेक्ट की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने परियोजना से जुड़े कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया, ताकि कोयला परिवहन व्यवस्था और अधिक सुगम एवं आधुनिक बन सके। इसके बाद उन्होंने गोरबी में प्रस्तावित पुनर्वास स्थल मयूर विहार का निरीक्षण कर वहां चल रहे विकास एवं आधारभूत संरचना संबंधी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पुनर्वास कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक पीके त्रिपाठी सहित परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।